

जुलवानिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई

बड़वानी। ऑपरेशन हवालात के तहत बड़वानी कार्रवाई करते हुए जुलवानिया ने 4 स्थाई वारंटी तामिल किए हैं। पुलिस ने बताया कि एसपी जगदीश डावर द्वारा फरार अपराधियों व स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है। जिनके पालन में एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी राजपुर आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी जुलवानिया निरीक्षक रामकुमार पाटिल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने लगातार प्रयास कर महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद व जालना जिले से स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए। जिनके विरुद्ध माननीय न्यायालय जेएमएफसी राजपुर द्वारा प्रकरण दर्ज थे। प्रकरण क्रं. 108/22, धारा 4, 6, 9 गौवंश अधिनियम आरोपी दत्तु ठाकरे निवासी औड़द खुर्द थाना फलमारी जिला औरंगाबाद, प्रकरण क्रं. 107/22, धारा 4, 6, 9 गौवंश अधिनियम आरोपी कड़वा जाधव निवासी मालखेड़ा थाना भोकरदन जिला जालना महाराष्ट्र, प्रकरण क्रं. 107/22, धारा 4, 6, 9 गौवंश अधिनियम आरोपी अंकुश पिसे निवासी मालखेड़ा थाना भोकरदन जिला जालना महाराष्ट्र एवं प्रकरण क्रं. 108/22, धारा 4, 6, 9 गौवंश अधिनियम आरोपी शिवाजी मराठा निवासी महाल किन्होला जिला औरंगाबाद महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया है। वारंटियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय राजपुर के समक्ष पेश किया गया। कार्रवाई में टीआई रामकुमार पाटिल, प्रआर प्रदीप पाटीदार, प्रआर सतीश पाटीदार, आर अमजद पठान, प्रआर योगेश पाटील की भूमिका रही।

जपं सीईओ ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

बड़वानी। जपं पाटी के सीईओ पराग पंथी ने गंधावल और गोलपाटीवाड़ी में प्रगतिरत पुलिया निर्माण, आंगनवाड़ी भवनों और प्रधानमंत्री आवास योजना में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। आंगनवाड़ी निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर सरपंच और सचिव को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने व कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराते हुए कार्यपूर्णता प्रमाण-पत्र जारी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों से आवास की किश्त और मनरेगा की मजदूरी समय पर मिलने की चर्चा में अवगत हुआ कि प्रगतिरत कार्य की स्थिति अनुरूप किश्ते प्राप्त हो चुकी हैं। मनरेगा मजदूरी भी समय पर जारी हो रही है, जिससे समय पर कार्य पूर्ण कराने के लिए हितग्राहियों को अवगत कराया है। सीएम हैल्पलाईन की शिकायतों के संबंध में जानकारी लेकर शिकायतकर्ताओं को संतुष्टिपूर्वक शिकायतें बंद कराने की समझाईश दी। इस दौरान सरपंच, सचिव दीपेश पाण्डे, अनिल राठौड़ और ग्रामीण मौजूद थे।

बुजुर्ग के नाम पर फर्जी तरीके से सिम कार्ड जारी

इंदौर. एक बुजुर्ग के नाम पर जालसाजी कर सिम कार्ड निकालने का मामला सामने आया है. फरियादी की शिकायत पर एमजी रोड पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है. ग्रीन पार्क कॉलोनी निवासी 68 वर्षीय बुजुर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके आधार कार्ड का दुरुपयोग कर फर्जी सिम कार्ड जारी किया. जांच में सामने आया कि आरोपी मूसाखेड़ी निवासी युवक ने यह धोखाधड़ी की. फरियादी का कहना है कि उसे जानकारी मिलने पर पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की. फिलहाल पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

कार के कांच बदलवाने को लेकर हुआ विवाद

इंदौर. तेजाजी नगर इलाके में कार का कांच बदलवाने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद इतना बढ़ गया कि दो परिवार आपस में भिड़ गए. देखते ही देखते मामला हाथापाई तक जा पहुंचा और पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा. अब दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है. फरियादी पक्ष ने आरोप लगाया कि उनके भाई की कार का कांच तोड़ने के बाद जब नए कांच की मांग की गई तो सामने वाले पक्ष ने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी. वहीं, दूसरे पक्ष ने भी पलटकर शिकायत दर्ज कराई है कि उन्होंने कांच बदलवाने के लिए कुछ समय मांगा था, लेकिन इसी बात को लेकर विवाद खड़ा कर दिया. फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों पर मारपीट और धमकी देने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

महिला को दहेज के लिए सताया

इंदौर. बाणगंगा इलाके में एक महिला ने अपने पति पर दहेज उत्पीड़न और अवैध संबंध का आरोप लगाया है. महिला का कहना है कि जब उसने पति के संबंधों का विरोध किया, तो वह उसे दहेज के नाम पर प्रताड़ित करने लगा और साथ रखने की एवज में रुपये की मांग करने लगा. जगदीश नगर निवासी पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके पति का पूजा नाम की महिला से संबंध है. विरोध करने पर पति ने कहा कि अगर मायके से रुपये नहीं लाएगी तो वह उसे साथ नहीं रखेगा. पीड़िता का कहना है कि मायकेवालों ने पहले ही एक लाख रुपए पति को दिए थे, इसके बावजूद वह लगातार और रुपए की मांग कर शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान करता रहा. बाणगंगा पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पति मोनू साहू और उसकी प्रेमिका के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

अदालत में गवाही देने पर युवक को पीटा

इंदौर. न्यायालय में जीजा के खिलाफ बयान देना एक युवक को भारी पड़ गया. आरोप है कि बयान से नाराज होकर साले और उसके साथी ने युवक को फोन कर बुलाया और फिर गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी. चंदन नगर थाना क्षेत्र के राजनगर निवासी युवक ने शिकायत में बताया कि दोपहर उसे फोन कर बीएनडीएन गैरेज के पास बुलाया गया. वहां पहुंचते ही दो परिचित लोग उस पर गाली-गलौज करने लगे. जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों ने हाथ मुक्कों से हमला कर दिया. पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने गाली-गलौज के दौरान यह भी कहा कि उसने उनके जीजा के खिलाफ कोर्ट में बयान क्यों दिए. पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

क्षमावाणी पर्व मनाया, चल समारोह निकला

महू. दिगम्बर जैन समाज द्वारा पर्युषण महापर्व के तहत सोमवार को क्षमावाणी पर्व मनाया. इस दौरान दोपहर में चल सामारोह निकला व चारों मंदिरों में कलशाभिषेक हुए. वहीं शाम को समाजजनों ने एक-दूसरे से सामूहिक क्षमा याचना भी की. शहर के जैन गली स्थित बड़े मंदिरजी, सांघी स्ट्रीट स्थित अजमेरी मंदिरजी, तेरापंथी मंदिरजी व मेन स्ट्रीट स्थित चैत्यालयजी में दोपहर में कलशाभिषेक हुए. बड़े मंदिर जी में श्रीजी के माल की बोली साधना मनोज नमन छाबड़ा परिवार और ज्ञान माल की बोली राकेश सुधा जैन परिवार ने ली. इस दौरान तेरापंथी मंदिर से चल समारोह भी निकला.

क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से मांगी राहत

अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों ने की तबाह हुई फसलों पर मुआवजे की मांग, आंदोलन की दी चेतावनी

सेंधवा, (नवभारत)। शहर में किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सिलदार सोलंकी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अतिवृष्टि से बर्बाद फसलों के मुआवजे के लिए कृषि उपज मंडी से रैली निकाली। दोपहर 2.30 बजे प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार सुधीर शर्मा को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

बिना सूचना डेम से जल छोड़े जाने पर आक्रोश

सोलंकी ने बताया कि पांचपुला डेम से बिना पूर्व सूचना जल छोड़े जाने के कारण आसपास के क्षेत्रों में किसानों की फसलें, मोटर पंप और पाइप बह गए। किसानों का कहना है कि उन्होंने कर्ज लेकर खाद-बीज खरीदे, अब फसल नष्ट होने से उन्हें उचित दाम नहीं मिल पाएगा, जिससे पलायन की स्थिति बन सकती है।

किसान कांग्रेस ने ज्ञापन में प्रभावित किसानों का तुरंत सर्वे करने, फसलों के उचित दाम के बराबर मुआवजा देने, किसानों का ऋण माफ करने, गांवों में रोजगार उपलब्ध कराने और मंडी में फसलों का सही मूल्यांकन करने की मांग की। साथ ही भारत सरकार से मिली अनुदान राशि आदिवासी किसानों के ऋण खातों में जमा करने की भी मांग की गई। चेतावनी दी गई कि मांगें नहीं मानी गई, तो जिलेभर में आंदोलन होगा।

इस दौरान महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुभद्रा परमार, हरचरण सिंह भाटिया, चिंटू किराड़े, शोभाराम पटेल, राजेंद्र गाडवे, आदित्य गोयल, अभिषेक ठक्कर, सीतामराम बर्डे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान उपस्थित रहे।

साथ ही इस दौरान पूर्व विधायक ग्यारसीलाल रावत, अरुण ठक्कर, दिलीप (काका) अग्रवाल, किशोर राठौड़, सईद कुरैशी, परसराम सेनानी, विजय सोलंकी, महेंद्र सेनानी, खुमसिंग कन्नौजे, दूरसिंह पटेल, किशोर सरपंच, निजाम खान, गजेंद्र सोलंकी, राकेश जाधव, वेरसिंह राठौड़, राधे जाधव और संजय भदले भी शामिल हुए।

मंडी से निकाली रैली

- कार्यकर्ताओं ने कृषि उपज मंडी से निकाली रैली।
- कलेक्टर के नाम एसडीएम कार्यालय पर सौंपा ज्ञापन।

क्रांति चौक मित्र मंडल ने किया विभूतियों का सम्मान

सेंधवा, (नवभारत)। गणपति उत्सव के अंतर्गत सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 25 विभूतियों का सम्मान क्रांति चौक मित्र मंडल ने किया। सद्भावना के क्षेत्र में कार्य करने वाले शिक्षक अनिस शेख जो वर्षों से गणेश उत्सव एवं नवरात्रि के कार्यक्रम का संचालन कर रहे हैं उन्हें सम्मानित किया गया। संस्था आसरा फाउंडेशन, सुभाष चंद्र बोस रक्तदान समिति, शाह मिस्कीन रक्तदान कमेटी, मानव सेवा समिति के साथ समाजसेवी बीएल जैन, नपा उपाध्यक्ष मोहन जोशी, लावारिस लोगों का अंतिम संस्कार करने वाले नरेंद्र मोरे, दीपक भाई का सम्मान किया। इस दौरान विशेष रूप से एसडीओपी अजय वाघमारे, टीआई बलजीत सिंह बिसेन, नपा उपाध्यक्ष मोहन जोशी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनता ने भक्ति गीतों का आनंद लिया। इस दौरान क्रांति चौक के मुकेश चौधरी, सोनू शुक्ला, सागर यादव, गजानन वर्मा, लोकेश चौधरी, आकाश यादव, दीपक वारुले का सहयोग रहा।

एसपी ने जनसुनवाई में सुनी जनता की आवाज

बड़वानी, (नवभारत)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में एसपी जगदीश डावर भापुसे ने आमजनों की समस्याओं को सुना। साथ ही समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

एसपी डावर ने कहा कि हर शिकायत का निस्तारण 7 दिनों में होना चाहिए। साथ ही एसपी ने आश्वासन दिया कि जनसुनवाई की प्रक्रिया नियमित रूप से जारी रहेगी। उन्होंने अपील की है कि जनता निडर होकर अपनी समस्याएं जनसुनवाई में रखे। पुलिस हर संभव मदद और त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान एसडीओपी दिनेश सिंह चौहान, शिकायत शाखा प्रभारी निरीक्षक रमेश प्रसाद तिवारी व अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

एक नजर में — वरिष्ठ शिक्षक संजय शिरोडे को परिवार व शुभचिंतकों ने दी शुभकामनाएं

राज्य स्तरीय पुरस्कार से शिक्षक सम्मानित

नवभारत न्यूज़
पानसेमल 10 सितम्बर.

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक संजय कुमार शिरोडे को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजक संस्था अखिल भारतीय लाड़ शाखीय वाणी समाज धर्मदाय शैक्षणिक मंडल, पंढरपुर संचालित शैक्षणिक संकुल, नाशिक में आयोजित शिक्षक दिन गुण गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यकर्ताओं का सम्मान हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील भोकरे सेवा निवृत्त वाइस एडमिरल भारतीय वायुसेना, अविनाश शिरोडे इस्त्रो वैज्ञानिक इंजीनियर, मनोज शिरोडकर उद्योगपति पुणे, भगवत येवले तथा वॉइस प्रेसिडेंट जेट एयरवेज सुरेश नेरकर उपस्थित थे। संस्था के अध्यक्ष अरुण काशीनाथ शिरोडे की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। शिक्षक संजय शिरोडे के राज्य स्तरीय सम्मान पर संस्था प्रभारी सरिता धार्वे, सुधीर पाटिल, सुदाम पवार, मीना गिरासे, वीरसिंग आर्य, देवेंद्र गवले, राम जाधव सहित विद्यालयीन स्टॉफ ने हर्ष व्यक्त किया। जिला समन्वयक गायत्री परिवार महेंद्र भावसार, प्रकाशचंद्र शार्दूल, राजेंद्र जगताप, कैलाश शर्मा, कृष्णकांत चौधरी सहित शुभचिंतकों ने बधाई दी।

शाकउमावि में पदस्थ

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक संजय कुमार शिरोडे को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

3 करोड़ से अधिक की राशि का हितग्राहियों को किया वितरण

बड़वानी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंगलवार को भोपाल में कार्यक्रम के दौरान सिंगल क्लिक से मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के हितग्राहियों को सहायता राशि का अंतरण किया। बड़वानी जिले में अनुग्रह सहायता हितलाभ के लिए 177 हितग्राहियों को 39600000 रूपए की राशि का वितरण हुआ। 156 को 2-2 लाख सामान्य मृत्यु पर व 21 हितग्राहियों को 4-4 लाख रूपए दुर्घटना में मृत्यु पर प्राप्त हुए। कार्यक्रम का लाईव प्रसारण कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से देखा गया। जिसमें मिथुन यादव, सांसद प्रतिनिधि, स्टॉफ श्रम कार्यालय एवं योजना के हितग्राही मौजूद थे।

सड़क हादसे में पेंट्री कर्मी की मौत

- तेज रफ्तार बाइक ने मारी थी टक्कर

इंदौर. शहर में अलग-अलग जगहों पर हुई तीन घटनाओं ने सनसनी फैला दी. एबी रोड पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की जान चली गई, वहीं परदेशीपुरा इलाके में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. खजराना क्षेत्र में भी एक महिला की संदिग्ध मौत हुई है.

राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार शिवसिटी क्षेत्र में बिजलपुर निवासी 50 वर्षीय व्यक्ति अपनी बाइक से नेहरू नगर की ओर जा रहा था. तभी सामने से आ रहे तीन युवकों की तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया. राहगीरों ने एम्बुलेंस बुलाकर उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मृतक पेंट्री का काम करता था और उसके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बेटी हैं. हादसे के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए.

महिला की संदिग्ध मौत

खजराना के अशरफी नगर में भी 33 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई. परिवारजन उसे पहले नजदीकी अस्पताल और फिर एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मामले में पति ने पुलिस को बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थी और घर पर ही इलाज चल रहा था, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है.

युवक ने लगाई फांसी

परदेशीपुरा इलाके में 21 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस के मुताबिक,

युवक रविवार को दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलकर लौटा था और कमरे में बंद होकर आत्मघाती कदम उठा लिया. देर शाम मां और भाई ने दरवाजा न खुलने पर शंका जताई, जिसके बाद घटना का पता चला. पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त कर लिया है और आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है.

किराए पर ली स्कॉर्पियो कार हड़पी, आरोपी पर धोखाधड़ी का केस

इंदौर. भंवरकुआं इलाके में स्कॉर्पियो कार किराए पर लेने के बाद न तो भुगतान करने और न ही वाहन लौटाने का मामला सामने आया है. शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है. पिपलियाराव रिंग रोड निवासी युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि परिचित व्यक्ति ने 23 अगस्त 2018 को स्कॉर्पियो कार किराए पर ली थी. उसने 3500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से 4 सितंबर 2025 तक कार चलाने का एग्रीमेंट किया था. शुरुआत में आरोपी ने भुगतान किया, लेकिन उसके बाद न तो किराया दिया और न ही वाहन वापस किया. फरियादी का कहना है कि कई बार कहने के बाद भी आरोपी टालमटोल करता रहा, आखिरकार उसने मामले की शिकायत पुलिस से की. भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी शिवपुरी निवासी राज गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

कृषि उपकरणों के गोदाम में आग

- दमकल ने एक घंटे में पाया काबू
- शार्ट सर्किट से हादसा, लाखों का

इंदौर. नयापुरा क्षेत्र में शनिवार शाम कृषि उपकरणों से भरे एक गोदाम में अचानक आग लग गई. सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. गनीमत रही कि ऊपरी मंजिल पर रहने वाला परिवार उस समय घर पर मौजूद नहीं था.

फायर ब्रिगेड को शाम करीब 5.45 बजे पुलिस चौकी के पास गली नंबर 2 से आग लगने की सूचना मिली. गांधी हाल फायर स्टेशन से एसआई सुशील दुबे के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और ढाई हजार लीटर पानी की मदद से लपटों को बुझाया. आग लगने से गोदाम में रखे कृषि उपकरण जलकर खाक हो गए. गोदाम मालिक यशदेव के अनुसार, घटना के वक्त परिवार बाहर गया हुआ था. आसपास कई दुकानें होने से खतरा बढ़ सकता था, लेकिन समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया. प्राथमिक जांच में आग लगने की वजह बिजली तार में शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है.

ड्यूटी के साथ मानवता की मिसाल बने पुलिसकर्मी

घायल को अस्पताल पहुँचाया, पर्स लौटाकर दिखाई ईमानदारी

इंदौर. अनंत चतुर्दशी पर जहां पूरी पुलिस व्यवस्था झांकी और जुलूस की सुरक्षा में जुटी रही, वहीं ड्यूटी निभाते हुए दो पुलिसकर्मियों ने मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की भी मिसाल पेश की. एक ओर उन्होंने जाम और भीड़ के बीच घायल को अस्पताल पहुँचाकर उसकी जान बचाई, तो दूसरी ओर सड़क पर मिला पर्स संबंधित व्यक्ति को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया.

6 सितंबर की रात झांकियों के कारण राजवाड़ा क्षेत्र के अधिकांश रास्ते जाम थे. इसी दौरान बाइक सवार नरसिंह जोशी घायल हो गए. परिवार उन्हें यूनिक अस्पताल लेकर पहुंचा, लेकिन इलाज की सुविधा नहीं मिलने पर दर्श अस्पताल ले जाना पड़ा. भीड़ और अवरुद्ध रास्तों से जूझ रहे परिजनों

की मदद के लिए ड्यूटी पर तैनात डीआरपी लाइन के आरक्षक भूपेंद्र बामनिया आगे आए. उन्होंने अपनी बाइक से ही घायल को सुरक्षित अस्पताल पहुँचाया, जहां उनका उपचार शुरू हो सका. इसी तरह ड्यूटी के दौरान आरक्षक सुमित होरा को सड़क पर एक पर्स मिला. इसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, नकदी और अन्य कागजात थे. जांच में यह पर्स स्कीम नंबर 71 निवासी महेंद्र कुमार माहेश्वरी का निकला. आरक्षक ने संपर्क कर पर्स उन्हें लौटाया. दोनों घटनाओं के बाद लोगों ने पुलिस की संवेदनशीलता और ईमानदारी की सराहना करते हुए संबंधित आरक्षकों का आभार जताया.

अनदेखी — मामला वार्ड 54 की भील पल्टन कॉलोनी का

सीवरेज के लिए खोदी सड़क छोड़ी अधूरी, रहवासी परेशान

इंदौर. विकास कार्य को लेकर जहां क्षेत्र पार्षद सक्रिय रहते हैं. वहीं नगर निगम की ओर से कई तरह की विलंबता देखी गई है, जिसके कारण वार्डवासियों को कई तरह की परेशानियां उठाना पड़ती है.

मूसाखेड़ी क्षेत्र में आने वाले वार्ड क्रमांक 54 में भी कुछ ऐसा ही देखा गया है. वार्ड के भील पल्टन कॉलोनी जो कि पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के ठीक पीछे बसी हुई है. इस कॉलोनी में अधिकतर मजदूर वर्ग निवास करते हैं. घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में सड़क निर्माण के लिए करोड़ों रुपए का बजट पास किया गया लेकिन कार्य की गति धीमी देखी गई है. क्षेत्र में कई गलियों में पक्की सड़क बन चुकी है परंतु क्षेत्र की कुछ ऐसी सड़कों का कार्य पिछले दो वर्षों से आज भी कार्य आरंभ नहीं किया गया, जिसके कारण क्षेत्र में गंदगी और गड्ढों से लोग परेशान हो चुके हैं. इस अधूरे कार्य में आर्य समाज मंदिर के पीछे वाली गली जो कि एक किलोमीटर लंबी हैं. यहां सैकड़ों मकान है जिसमें रहने वाले क्षेत्रवासी इस इंतजार में है कि कब उनके क्षेत्र में पक्की सड़क का निर्माण होगा और उन्हें मुसीबतों से निजात मिलेगी.

इनका कहना है ...

उबड़ खाबड़ सड़क के कारण क्षेत्र में सफाई नहीं हो पाती. चारों तरफ गंदगी फैली रहती है. इसी के कारण डोर टू डोर कचरा वाहन को भी आने में दिक्कत होती है.

- विजेंद्र यादव

पहले सड़क बनी हुई थी. सीवरेज लाइन के लिए सड़क को खोदी गई. आज दो साल तक इसका काम दोबारा शुरू नहीं किया गया, जो लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है.

- प्रताप मोहनिया

सड़क तो बनी नहीं और चैंबर अभी से खराब हो गए हैं. चेंबर ओवरफ्लो होकर बहते हैं.

कीड़े, मच्छर, बदबू क्षेत्र में बीमारियां फैला रहे हैं. सड़क बन जाए तो मुसीबत खत्म.

- कालू वाखला

बरसात बाद शुरू होगा कम

36 लाख रुपए के बजट से क्षेत्र में सड़कों कार्य किया जा रहा है. क्षेत्र में अधिकांश सड़कों का कार्य हो चुका है. एक-दो सड़क और बाकी है, जिसका कार्य बरसात बाद काम शुरू कर दिया जाएगा.

- महेश बसवाल